भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
09.02.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1182 का उत्तर

कोहरे के कारण रेलगाड़ियों का रद्द किया जाना

1182. श्री मनोज तिवारी:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री रवि किशन:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री बिद्युत बरन महतो:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में देश भर में कोहरे के कारण रेलगाड़ियों के परिचालन में बहुत अधिक विलंब हुआ है। रेलगाड़ियां रद्द की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण रेलगाड़ियों के रद्द या विलंबित होने वाली रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है और वर्तमान सर्दी के मौसम में रेलगाड़ियों के विलंबित होने के कारण रेलवे को कितनी राजस्व हानि हुई है;

(ग) क्या रेलगाड़ियों की देरी के कारण यात्रियों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है और यदि हां, तो यात्रियों को होने वाली असुविधाओं को कम करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं;

(घ) कोहरे के कारण रेलगाड़ियों को विलंब से बचाने के लिए रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या रेलवे कोहरे की समस्या से निपटने और विलंब तथा कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के खतरे को रोकने के लिए हवाई जहाजों की तरह ही कोई उन्नत तकनीक विकसित करने पर विचार कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

S.K

कोहरे के कारण रेलगाड़ियों को रद्द किए जाने के संबंध में 09.02.2022 को लोक सभा में श्री मनोज तिवारी, श्री रविन्दर कुशवाहा, श्री रवि किशन, श्री सुधीर गुप्ता, श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे, श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक, श्री प्रतापराव जाधव, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे और श्री बिद्युत बरन महतो के अतारांकित प्रश्न सं. 1182 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): जी हां। कोहरे से गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होता है। दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 की अवधि के दौरान कोहरे के कारण कुल 4183 गाड़ियां प्रभावित हुईं और 4240 गाड़ियां रद्द कर दी गईं।
कोहरे के कारण गाड़ियों के देर से चलने के कारण रेलवे को होने वाले राजस्व के नुकसान के संबंध में अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(ग) से (ङ): जी हाँ। गाड़ियों के देर से चलने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कठिनाई को कम करने और कोहरे के मौसम में गाड़ी चलाने वाले लोको पायलटों की सहायता के लिए, फॉग पास डिवाइस, जो एक ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) आधारित हैंड हेल्ड पोर्टेबल डिवाइस है, जिसे इंजन पर संस्थापित नहीं किया जाता है, कोहरा प्रभावित खंडों में लोको पायलटों को दिया जाता है। जब कभी कोई लैंडमार्क जियो-फेंस रेंज के भीतर आता है, यह ऑडियो विजुअल अलार्म के माध्यम से कोहरे के मौसम के दौरान चालक दल की सहायता करता है। इस उपकरण में खंड में आने वाले स्टेशनों की स्थिति, चेतावनी बोर्ड, सिगनल, समपार फाटक और समपार के लिए सीटी (डब्ल्यू/एल) बोर्ड फीड किए जाते हैं। यह उपकरण इंजन की गति, दूरी और लैंडमार्क तक पहुंचने में लगने वाले समय को दर्शाता है और यह लोको पायलटों के पास होता है।

******

S.K